महत्वपूर्ण एवं खास

आठ सौ अधिकारी कर्मचारी करेंगे डाक मत का प्रयोग

रायगढ़। लोकसभा चुनाव में ड्यूटी कर रहे पुलिस कर्मियों के साथ-साथ अन्य अधिकारी कर्मचारियों के लिए डाक मतपत्र देने की तैयारी पूरी कर ली गई है और मतदान के तीन दिन पहले ही ये सभी डाक मत पत्र बांट दिए जाएंगे। रायगढ़ लोकसभा क्षेत्र में रायगढ़ जिले की पांच विधानसभा सीट आती है और इन पांच विधानसभा सीटों में लगभग तीन हजार से भी अधिक पुलिस कर्मी और पांच सौ से भी अधिक अधिकारी कर्मचारी ड्यूटी पर लगाए गए हैं और मतदान का अधिकार देने के लिए उनके लिए डाक मत पत्र की व्यवस्था पहले से ही कर ली गई है ताकि इन सभी ड्यूटी वाले पुलिस कर्मियों को वोट डालने का अधिकारी मिल सके। जिले के निर्वाचन काम में लगे अधिकारी ने बताया कि डाक मत पत्रों को तैयार करके बांटने का काम जल्द किया जाएगा।

पत्नी को जिंदा जलाने के कोशिश का आरोपित गिरफ्तार

रायगढ़ । घरेलू बात को लेकर पत्नी पर मिट्टी तेल डालते हुए जलाकर मार डालने के प्रयास के मामले में पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार कर जेल दाखिल करा दिया है। घटना खरसिया थाना क्षेत्र की है। ग्राम बोतल्दा थाना खरसिया में रहने वाली लता पटैल उम्र 21 वर्ष का विवाह करीब 10 माह पूर्व बोतल्दा के खुलेश्वर पटैल के साथ हुआ था । शादी के बाद इसका पति छोटी- छोटी बात पर गुस्सा कर मारपीट करता था । 14 फरवरी को रात्रि 07 बजे खुलेश्वर खाना नहीं देने की पुरानी बात को लेकर अपनी पत्नि लता पटैल को जान से मारने की धमकी देते मिट्टी तेल डालकर माचिस से जला दिया और घटना किसी को नहीं बताने की धमकी दिया, जिससे डरकर लता पटैल स्वयं आग से जलना बताई थी जिसका ईलाज खरसिया और जिंदल अस्पताल में हुआ किन्तु उसके घाव ठीक नहीं हुये। तब आहिता ने घटना की सच्चाई अपने माता- पिता, मौसी को बताई और कल थाना खरसिया आकर लिखित आवेदन देकर अपने पति खुलेश्वर पटैल के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज करायी, रिपोर्ट पर थाना खरसिया में धारा 307, 506 खुलेश्वर पटैल उम्र 25 वर्ष के विरूद्ध दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर रिमाण्ड पर भेजा गया है।

कुए में गिरे मादा जंगली सुअर सहित दो शावकों को रेस्क्यू कर बचाया गया

रायगढ़। कल शाम मादा जंगली सुअर अपने दो शावकों के साथ कुऐ में गिर गयी जिसे वन विभाग ने बीस घंटे के रेस्क्यू आपरेशन के बाद सुरक्षित निकाल लिया यह घटना धर्मजयगढ़ वन मंडल की है जहां जंगल से भटक कर उक्त मादा गांव तक पहुंच गयी थी और एकाएक कुंए में गिर गयी। उसके चिल्लाने की आवाज सुनकर ग्रामीणों को मामलें की जानकारी हुई, तो उन्होंने इसकी सूचना वन विभाग को दी। इसके बाद विभागीय अमले ने जेसीबी की मदद से कुंए तक रास्ता बनाकर बीस घंटे की मशकत के बाद तीनों जंगली सुअरों को कुंए से बाहर निकाला और सुरक्षित जंगल की ओर छोड़ा। कल शाम लैलूंगा वन परिक्षेत्र के अंतर्गत ग्राम टटकेला में जंगल से भटक कर एक मादा जंगली सुअर अपने दो बच्चों के साथ शहर पहुंच गई और यहां खाना व पानी की तालाश करते दौरान तीनों जंगली सुअर एक कुंए में गिर गये। इसके बाद उनकी चिल्लाने की आवाज को सुनकर ग्रामीणों को उनके कुंए में गिरने की जानकारी हुई और वन विभाग को सूचित किया गया जिसके बाद लैलूंगा उप वनमंडलाधिकारी सहित परिक्षेत्र अधिकारी अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और तीनों जंगली सुअर को निकालने के लिए रेस्क्यू आपरेशन शुरू किया गया।

अखबार और वेब पर प्रकाशित करना होगा नेता जी का क्राइम रिकार्ड

रायगढ़। विधानसभा चुनाव के बाद अब लोकसभा में भी प्रत्याशी के आपराधिक रिकार्ड को सार्वजनिक करना अनिवार्य हो गया है। सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद आयोग ने पार्टियों को सूचना भेजनी शुरू कर दी है। नए नियम के अनुसार चुनाव में उतरे नेता जी का क्राइम रिकार्ड अखबार एवं टीवी में प्रकाशित करना होगा। वहीं पार्टियां अपनी वेबसाईट में प्रत्याशियों के आपराधिक रिकार्ड का पूरा ब्यौरा देंगी।

चुनाव में पारदर्शिता व मतदाताओं से सभी तरह की जानकारियां साझा करने के उद्देश्य से निर्वाचन आयोग ने एक अहम बदलाव किया था। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद आयोग ने दागी प्रत्याशियों की छवि सार्वजनिक करने के लिए कुछ संशोधन किए और विधानसभा चुनावों में पहली बार लागू किए थे। अब लोकसभा चुनाव में उसे दोहराया जा रहा है। इसके अनुसार चुनाव में किस्मत आजमाने वाले प्रत्याशियों को अपने

उपर दर्ज सभी तरह के आपराधिक रिकार्ड का पूरा ब्यौरा सार्वजनिक करना होगा। हालाकि नामाकंन के समय फार्म 26 में पहले भी इसकी जानकारी दी जाती थी लेकिन इस बार सभी तरह के दर्ज अपराध एवं विचाराधीन मामलों के अलावा किसी जुर्म में मिली सजा की पूरी जानकारी अखबार में प्रकाशित करनी होगी। संबंधित जिले के तीन समाचार पत्रों में प्रकाशन के अलावा टीवी चैनल में भी इसका प्रसारण करना होगा। ताकि लोगों को संबंधित प्रत्याशियों के आपराधिक रिकार्ड की पूरी जानकारी मिल सके।

इसके अलावा संबंधित प्रत्याशियों की पार्टियों को भी अपनी वेबसाईट में दागी प्रत्याशियों के क्राइम रिकार्ड का पूरा डिटेल डालना होगा जिससे आम जनता आसानी से उसका अवलोकर कर सके। आयोग के इस फरमान के बाद अब दागी नेताओं एवं पार्टियों की नींद हराम हो गई है।

आखरी 48 घंटे पूर्व प्रकाशन

नेताओं के क्राइम रिकार्ड के प्रकाशन में किसी तरह की धांधली ना हो इसके लिए आयोग ने कोई कसर नहीं छोड़ी है। प्रत्याशियों को अखबार व टीवी चैनल में कुल 3 बार इसका प्रसारण करवाना है। इसके लिए अंतिम प्रकाशन मतदान से 48 घंटे पहले करना होगा। आयोग ने अखबार में प्रकाशित होने वाली सूचना के आकार से लेकर अक्षरों के साइज भी पहले से तय कर दिए हैं।

आखिरी दिन आए आठ उम्मीदवार, लोकसभा में अब कुल 14 प्रत्याशी

रायगढ़। लोकसभा चुनाव के लिए नामांकन दाखिल करने की मियाद गुरूवार को खत्म हो गई। अंतिम दिन रिटर्निंग अफसर के पास 8 प्रत्याशियों ने नामांकन फार्म जमा किया है। अब इन्हें मिलाकर रायगढ़ में लोकसभा की रेस के लिए 14 उम्मीदवार हो गए हैं और अब शुक्रवार को इन सभी आवेदनों की स्क्रूटनी की जाएगी।

लोकसभा चुनाव में इस बार 14 उम्मीदवार मैदान में उतर गए हैं। गुरूवार को कलेक्टोरेट में दिन भर नामांकन दाखिल करने का सिलसिला चलता रहा। अंतिम दिन शिवसेना के विजय लकड़ा ने पार्टी प्रमुख शिवसेना की अगुवाई में अपना नामांकन दाखिल किया। इसके अलावा निर्दलीय प्रत्याशी प्रकाश उरांव, भारतीय ट्रायबल पार्टी के कृपा शंकर भगत, निर्दलीय तेजराम सिदार, निर्दलीय नवल किशोर राठिया, बहुजन मुक्ति मोर्चा के वीर कुमार तिग्गा, किसान मजदूर संघ के ज्योति भगत एवं निर्दलीय प्रत्याशी अमृत तिर्की ने नामांकन दाखिल किया। बुधवार तक चुनाव लड़ने वाले कुल 6 नेता ही थे लेकिन गुरूवार को एक साथ 8 नामांकन आवेदन आ जाने के बाद अब चुनावी मैदान में कुल 14 उम्मीदवार हो गए हैं। हालाकि लोकसभा में मुख्य रूप से मुकाबला भाजपा व कांग्रेस के बीच ही है लेकिन जशपुर से सरजियस मिंज की टिकट कटने के बाद ईसाई मिशनरी समाज से भी प्रत्याशी मैदान में हैं। अब नामांकन के आए इन आवेदनों की शुक्रवार को जांच की जाएगी और उनमें उम्मीदवारों की अर्हता से लेकर शपथ पत्र एवं नामांकन फार्म की जांच की जाएगी। जिसके बाद 8 अप्रैल को रिटर्निंग अफसर उम्मीदवारों को चुनाव चिन्ह आबंटित करेंगे।

सामान्य प्रेक्षक के लाईजनिंग कार्य हेतु अधिकारी नियुक्त

रायगढ़। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रायगढ़ यशवंत कुमार द्वारा जनरल आब्जर्वर के लाईजनिंग कार्य हेतु सहायक आयुक्त आबकारी दिनकर वासनिक को लाईजनिंग अधिकारी नियुक्त किया गया था, जिसमें आंशिक संशोधन करते हुए सामान्य प्रेक्षक के लाईजनिंग कार्य हेतु सहायक आयुक्त आबकारी दिनकर वासनिक रायगढ़ एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी रायगढ़ के कार्यपालन अभियंता को भी लाईजनिंग कार्य हेतु आदेशित किया गया है।

ईव्हीएम एवं व्हीव्हीपेट मशीनों का शिफ्टींग कार्य 9 अप्रैल को

रायगढ़। लोकसभा निर्वाचन 2019 के उपयोग में होने वाले ईव्हीएम एवं व्हीव्हीपेट मशीनों का शिफ्टींग तहसील स्थित स्ट्रांग रूम से नवीन केआईटी महाविद्यालय भवन रेंगालपाली रोड रायगढ़ के स्ट्रांग रूम में 9 अप्रैल को प्रातः 10.30 बजे से किया जाएगा। पूर्व में इसके लिए 5

अप्रैल की तिथि निर्धारित थी, जिसे संशोधित करते हुए अब 9 अप्रैल निर्धारित की गई है। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी रायगढ़ ने जिले के मान्यता प्राप्त राजनीतिक पार्टियों के पदाधिकारियों को नियत तिथि एवं समय पर उपस्थित होने का आग्रह किया है।

आरसीबी और आरआर के मैच पर लग रहा था लाखों का सट्टा

धमतरी। आईपीएल के दौरान सट्टेबाजी के मामले उजागर होना कोई नई बात नहीं है। इस साल भी आईपीएल सीजन शुरू होते ही सटोरिए एक बार फिर सक्रिय हो गए हैं। मुखबिर की सूचना पर छापा मारकर पुलिस ने एक सटोरिया को रंगेहाथ गिरफ्तार किया। उसके पास से करीब 6 लाख रुपए की सट्टा पट्टी, टीवी आदि सामान जब्त किया गया। इससे पहले रायपुर में भी सट्टेबाजी के 2 मामलों का खुलासा हो चुका है।

आरसीबी और आरआर के मुकाबले पर लग रहा था दांव - बता दें कि आईपीएल शुरू होते ही धमतरी जिले में सट्टा का कारोबार फलने फूलने लगा है। रोजाना यहां लाखों रुपए का दांव लग रहा है। इसका भांडा एक सटोरिए के पुलिस के हत्थे चढ़ने से खुल गया है। कोतवाली पुलिस ने बताया कि शहर के बनियापारा निवासी मनीष सोनी (29) रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर व राजस्थान रॉयल के मध्य चल रहे आईपीएल क्रिकेट मैच में सट्टा लिख रहा था। उसके ठिकाने पर छापा मारकर पुलिस ने कब्जे से 54,840 रुपए नगदी समेत करीब 6 लाख रुपए की सट्टा पट्टी, टीवी सेट, कैलकुलर आदि बरामद किया है।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कृष्ण सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी राकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जायेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य साथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जायेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जायेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जायेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जायेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जायेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जायेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जायेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में तत्परता सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जायेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जायेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address :: Behind Stadium Near Career School, Raigarh, C.G. Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

CAREER SCHOOL

HINDI & ENGLISH MEDIUM SCHOOL

स्थापना दिनांक 1 जुलाई 1996

पिछले 22 वर्षों से लगातार बच्चों के साथ...

ADMISSION OPEN

ENGLISH MEDIUM

For Nuresery to 10th

Topper Students Last Session

Tarun 90% Yamini 98% Shraddha 93% Priyanka 96% Prerna 84% Hitendra 99% Akanksha 90% Geetanjali 99% Chetna 94% Arpita 93% Arpita 98% Rakesh 97% Sejal 88% Shiva 97%

Topper Students Last Session

Sushant 92% Prince 97% Kusum 98% Abhishek 99% Aayush 93% Prachi 97% Tulika 96% Pari 96% Aradhya 97% Ananya 99% Ashish 96% Ankita 99%

Join CAREER...

Major Facts

1/ Well Qualified Teachers....
2/ A perfact ratio of Techers and Students regarding classes...
3/ Complete Caring Atmosphere.
4/ Good and Equipped Class rooms....
5/ Value based education like daily classes for Logical Maths, G.K.,English Grammar....
6/ CCTV equipped School...
7/ Scientific and Cultural Activities Every Saturday....
8/ And above all Attention on Each and Every Student of the School....

CAREER SCHOOL
ENGLISH MEDIUM
BEHIND STADIUM STREET
RAIGARH C.G.
07762-221359

तत्काल आवश्यकता है

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र हेतु कम्पयूटर ऑपरेटर, सर्वे करने के लिए, बंडल कार्य हेतु, एवं रिपोर्टर/संवाददाता रायगढ़ एवं जशपुर जिले के लिए तत्काल चाहिए ... संपर्क करें...

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग.
मो. नं. 9039961090

ऑफसेट प्रिंटिंग - न्यूज पेपर प्रिंटिंग

वेस्ट जर्मनी की ऑफसेट मशीन *हेडलबर्ग* से 4 कलर की सभी तरह की प्रिंटिंग होती है। प्रिंटिंग जॉब हेतु सम्पर्क करें....

न्यायसाक्षी प्रिंटर्स एण्ड प्रेस
श्रीराम कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग. मो. नं. 9589876400

न्यायसाक्षी समाचार- पत्र की

खरसिया, सारंगढ़, पुसौर, मनार, घरघोड़ा, धरमजयगढ़, पत्थलगांव लुड़ेग, कांसाबेल, कुनकुरी, जशपुर एवं आसपास के क्षेत्रों में एजेंसी देना है, तत्काल संपर्क करें।

स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़, छ.ग.
संपर्क करें मो.नं. 9039961090

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480